# आदि शंकराचार्य ने दिया ब्रह्म सत्य जगत मिथ्या का संदेश

## मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद ने उचेहरा में मनाई आदि गुरु शंकराचार्य जी की जयंती

नवभारत न्यूज

**सतना 28 अप्रैल। आदि शंकराचार्य ने हमें ब्रह्म सत्या, जगत मिथ्या का संदेश दिया। अगर वे ना होते तो आज हम जिस हिंदू धर्म को देख रहे है वह ऐसा न होता जिस मुकाम पर देख रहे हैं बल्कि खंड-खंड हो गया होता।**






यह बात सीएम राइज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय उचेहरा के प्राचार्य अजय त्रिपाठी ने कही। वे मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद उचेहरा द्वारा आदि गुरु शंकराचार्य जयंती पर आयोजित व्याख्यान माला को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता काकी फाउंडेशन लोहरौरा के अध्यक्ष बीरेंद्र प्रताप सिंह ने की। विशिष्ट अतिथि वरिष्ठ पत्रकार सुरेश दाहिया व रविशंकर पाठक ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

**नवांकुर संस्थाओं का संयुक्त आयोजन**-जन अभियान परिषद ऊंचेहरा की सभी 5 सेक्टर नवांकुर संस्थाओं सर्जना पिथौराबाद, काकी फाउंडेशन लोहरौरा, वसुंधरा जन सेवा समिति मैनाहा एवं शिव शक्ति जन कल्याण शिक्षा समिति परसमणियां ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम का आयोजन विद्यालय सभागार में कार्यक्रम का आयोजन किया था। श्री त्रिपाठी ने कहा की आदिगुरु शंकराचार्य ने समाज की सांस्कृतिक एकता के लिए वातावरण का निर्माण किया। उन्होंने सभी वेदों के भाष्य लिखकर उनका सरलीकरण किया शंकराचार्य के जन्म से पहले समाज में पापाचार और अत्याचार का अंधकार था। उन्होंने अल्पायु में ही चारों पीठों की स्थापना की। भारत को एक सूत्र में बांधा और सनातन धर्म की ध्वजा लहराई। यह दर्शन सभी प्राणियों की आत्मा की ब्रह्म से एकता पर बल देता है।

कार्यक्रम का संचालन परामर्शदाता सतवंत सिंह एवं आभार प्रदर्शन हनुमान सिसोदिया ने किया। इस अवसर पर परामर्शदाता ओम प्रकाश त्रिपाठी, पुष्पांजलि सिंह, लक्ष्मी प्रजापति,भईयन यादव, नवांकुर संस्थाओं, ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति के पदाधिकारी एवं सीएमसीडीपी के छात्र छात्राओं की उपस्थिति रहे।



# ईटहा खोखर्रा में पुलिस की लगी जन चौपाल

नवभारत न्यूज

**उचेहरा 28 अप्रैल। आम जनता के मन से पुलिस का भय समाप्त करने आप की पुलिस आप के द्वार कार्यक्रम के माध्यम से जनपद ? ईटहा खोखर्रा में पुलिस ने जन चौपाल लगा मौके पर ही कई समस्याओ का समाधान करवाया।**

पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत भवन ईटहा खोखर्रा में थाना प्रभारी सतीश मिश्रा के द्वारा ग्रामीणो की समस्या सुनी गई इस दौरान ऐसा भी प्रकरण आया जिसमें पति से प्रताणित महिलाओ ने अपनी पी?ा सुनाई व अवैध रूप से बिक रही कच्ची महुआ शराब की बिक्री बंद करवाने शिविर के माध्यम से अपनी बात रखा जन चौपाल के दरमियांन सरपंच रामभजन प्रजापति, सहायक उपनिरीक्षक शारदा शिवानी के अलावा आरक्षक संतोष कुमार वर्मा,शैलेंद्र कुशवाहा, रंजना बहेलिया सचिव अनूप मल्लाह सहित काफी संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।



# रहिकवारा एवं अटरा में पुलिस ने लगाया जन चौपाल

नवभारत न्यूज

**नागौद 28 अप्रैल।** पुलिस महानिरीक्षक रीवा जोन के निर्देशन में नक्शा मुक्ति, सायबर अपराध ,महिला अपराध के संबंध में जन चौपाल कार्यक्रम ग्राम रहिकवारा में रघु केशरी एसडीओपी नागौद एवं थाना प्रभारी चार्ज उनिरी आर एस अहिरवार एवं थाना स्टाप की उपस्थिति में एवं ग्राम अटरा में चौकी पोडी प्रभारी उप निरीक्षक राजेन्द्र प्रसाद वर्मा मय चौकी स्टाप के - जन चौपाल लगया जाकर सायवर अपराध ,सोशल मीडिया धोखाधडी ,नक्शा मुक्ति एवं महिला संबंधित अपराधों की रोकथाम हेतु जन चौपाल के माध्यम से आम जन को जागरूक करते हुये अपराधों से बचने हेतु जागरूक किया गया आम जन से उनके सुझाव प्राप्त किये गये एवं उनकी समस्याओं को सुना जाकर निराकरण किया गया।

# गजांस और दीपनगर में पुलिस का जन चौपाल कार्यक्रम आयोजित

## मैहर जिले के समस्त थाना चौकियों में जनचौपाल कार्यक्रमों का व्यापक आयोजन

नवभारत न्यूज

**मैहर 28 अप्रैल। पुलिस महानिरीक्षक रीवा संभाग गौरव राजपूत के निर्देशन में आज जिला मैहर के समस्त थानों एवं चौकियों में जनचौपाल कार्यक्रमों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का उद्देश्य आमजन को विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक करना एवं पुलिस-जन संवाद को सशक्त बनाना रहा।**

मुख्य कार्यक्रम रामनगर क्षेत्र के ग्राम गंजास एवं मैहर के जीतनगर में आयोजित किए गए। ग्राम गंजास में आयोजित कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक अवधेश प्रताप सिंह की गरिमामयी उपस्थिति रही, वहीं जीतनगर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक डॉ. चंचल नागर द्वारा मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की गई।

कार्यक्रम के दौरान पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा आमजन को कोरेक्स, गांजा एवं अन्य नशीली दवाइयों के सेवन से शरीर पर पड़ने वाले गंभीर दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। साथ ही नाबालिग बालिकाओं के घर छोड़कर चले जाने के कारणों पर चर्चा करते हुए उनके दुष्परिणामों से अवगत कराया गया।

इसके अतिरिक्त वर्तमान में प्रचलित साइबर अपराधों जैसे



डिजिटल अरेस्ट, ऑनलाइन धोखाधड़ी, ब्लैकमेलिंग, ओटीपी फ्रॉड आदि के संबंध में सावधानियां बताई गईं। साथ ही यातायात नियमों का पालन न करने से होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के प्रति भी लोगों को जागरूक किया गया।

थाना ताला क्षेत्रांतर्गत मुकुन्दपुर में आयोजित कार्यक्रम में एसडीओपी अमरपाटन ख्याति मिश्रा एवं निरीक्षक महेन्द्र मिश्रा द्वारा कार्यक्रम के उद्देश्यों एवं महत्व पर प्रकाश डाला गया।

इसी क्रम में थाना बदेरा अंतर्गत ग्राम धनवाही में निरीक्षक अभिषेक सिंह परिहार, थाना देहात अंतर्गत ग्राम नादन में निरीक्षक पंचराज सिंह, थाना अमदरा के ग्राम रैगवा में निरीक्षक टीकाराम कुर्मी तथा थाना अमरपाटन अंतर्गत ग्राम देवरी जगदीशपुरा में निरीक्षक विजय सिंह परस्ते के नेतृत्व में जनचौपाल कार्यक्रमों का सफल आयोजन किया गया। देवरी जगदीशपुरा के कार्यक्रम में सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी श्री के. के. शुक्ला द्वारा मादक पदार्थों के सेवन एवम इसके दुष्परिणाम पर विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे। सभी को महिला सुरक्षा, नशा उन्मूलन, साइबर अपराधों से बचाव एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने हेतु आवश्यक जानकारी एवं सुझाव प्रदान किए।

जनचौपाल कार्यक्रम के आयोजन में समस्त थानो के पुलिस बल की सक्रिय एवं सराहनीय भूमिका रही। साथ ही पुलिस अधीक्षक कार्यालय के स्टाफ में उपनिरीक्षक लक्ष्मी बागरी, उपनिरीक्षक राशिद खान ,आरक्षक संदीप परिहार, मुकेश द्विवेदी, सुशील द्विवेदी, राजश्री नायडू, दिव्या पटेल एवं प्रीति सिंह का विशेष योगदान रहा। जन चौपाल का यह कार्यक्रम आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

# पूर्व सांसद के नेतृत्व में योगी से मिला प्रतिनिधि मंडल

## चित्रकूट के चहुमुखी विकास पर सीएम से हुई चर्चा

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट , 28 अप्रैल बांदा-चित्रकूट के पूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्र प्रकाष खरे व वरिष्ठ नेता षिवषंकर सिंह ने लखनऊ पहुंचकर उत्तर प्रदेष के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मुलाकात कर धर्म नगरी चित्रकूट के पर्यटन विकास चर्चा करने के साथ-साथ सिंचाई एवं आवागमन के संसाधनों को बेहतर करने की मांग की।**

आपको बता दे किपूर्व सांसद भैरों प्रसाद मिश्रा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल जनपद के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से भेंट किया ।प्रतिनिधि मंडल में पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे,वरिष्ठ भाजपा शिवशंकर सिंह ,पूर्व प्रधान बगरेही श्लोक मिश्र



सम्मिलित रहे।

मुलाकात के दौरान प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को चिल्लीमल यमुना सेतु, चिल्लीमल सम्पर्कमार्ग, कौहारी सम्पर्क मार्ग के निर्माण के लिए प्रार्थना पत्र दिया। चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री जी ने उक्त निर्माण कार्य की स्वीकृति का भरोसा दिलाया ।इसके अलावा चिल्लीमल पम्प के बिषय में महाराज जी ने बताया कि यमुना सेतु प्रोसेस में है ।इसके साथ पूर्व सांसद भैरो प्रसाद मिश्रा ने मुख्यमंत्री जी से मांग की यदि समय पर चुनाव न हो सकें तो पंचायत प्रतिनिधियों का कार्य काल जनहित में बढ़ाया जाना चाहिए ।इस पर मुख्यमंत्री जी मुस्कुराने लगे। सीएम योगी ने सभी लोगों को चित्रकूट की विकास के लिए मतभेद भुलाकर कार्य करने की सलाह दी।

जिला उद्योग एवं व्यापार बन्धु की बैठक में मुख्य विकास अधिकारी ने विकास योजनाओं और व्यापारियों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण पर दिया बल'

# स्लाट बुकिंग समस्या को लेकर कांग्रेस के ब्लाक अध्यक्ष ने ज्ञापन सौंपा

नवभारत न्यूज

**कोटर 28 अप्रैल। ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण त्रिपाठी ने किसानों की वर्तमान प्रमुख समस्या स्लॉट बुकिंग को लेकर जिला कलेक्टर सतीश कुमार जी के नाम कोटर तहसीलदार मणिराज सिंह को ज्ञापन सौंपा।**

ज्ञापन में मांग की है किसानों के स्लॉट बुकिंग की समस्या को तत्काल दूर की जाए जिससे किसान अपनी गेहूं की फसल को बेच सके । वर्तमान समय में किसानों को पैसों की बहुत आवश्यकता है शादियों का समय चल रहा है लोगो को सादिया करनी है लेकिन गेहूं ना बिकने से पैसों के लिए इधर उधार भटक रहा है सरकार



किसानों की फसल खरीदने में आनाकानी कर रही है खरीफ फसल में सत्यापन की समस्या पैदा कर किसानों को बहुत परेशान किया था जिस कारण कई किसान अपनी धान की फसल नहीं बेच पाए आज भी उनकी धान गोदामों में रखी है ठीक वही स्थित अब गेहूं की फसल खरीदने में प्रदेश की मोहन सरकार कर रही है पहले खरीदी की तारीख बढ़ाई फिर छोटे बड़े किसानों में उलझाया अब स्लॉट बुकिंग में किसानों को परेशान किया जा रहा है।

किसान इस भीषण गर्मी में स्लॉट बुक करने के लिए चक्कर लगा रहा है लेकिन स्लॉट बुक नहीं हो रहा । मोहन सरकार की इच्छा साफ साफ झलकती है वह किसानों की फसल को नहीं खरीदना चाहती इसीलिए नित नए बहाने बनाती है तीन काले कानून लागू करना चाहती थी लेकिन किसानों के दबाव में उसे वापस लेना पड़ा अपने साथी पूंजीपतियों को फायदा पहुंचाने के लिए किसानों को खेती से हतोत्साहित कर रही है। यदि दो दिवस के अंदर स्लॉट बुकिंग की समस्या को दूर नहीं किया जाता तो ब्लाक काग्रेस कमेटी कोटर किसानों के समर्थन व्यापक जन आंदोलन करेगी।

## एक नजर में




### राजस्व सम्बंधी वादों का संतुष्टिपूर्ण निदान होगी प्राथमिकता-एसडीएम

**चित्रकूट.** अप्रैल 25 में षासन द्वारा जनपद में उप जिलाधिकारी के पद पर आये अजय कुमार यादव को कर्मठता और प्रषासनिक क्षमता को देखते हुये षासन की मंषानुरूप जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने सदर एसडीएम का कार्यभार ग्रहण करने का आदेष जारी किया है। डीएम के आदेष का अनुपालन करते हुये उन्होंने गत 25 अप्रैल को ही सदर एसडीएम का विधिवत कार्यभार ग्रहण कर लिया था। उन्होंने कार्यभार ग्रहण के बाद अधीनस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों, लेखपालो की मीटिंग करके आवष्यक जानकारी ली और कहा कि षासन की प्राथमिकता वाले कार्यों व योजनाओं को सुचारू रूप से सम्पादित करना है इसमें किसी तरह की ढिलाई नहीं होनी चाहिय अयोध्या के मूल निवासी अजय यादव 2013 में नायब तहसीलदार बने थे इसके बाद 2023 में वह पीसीएस बने कई जगह उन्हें प्रषासनिक कार्य करने का अवसर मिला ।जनपद चित्रकूट में वह अप्रैल 2025 में आये थे तब से वह डूडा चित्रकूट तीर्थ विकास परिषद और चित्रकूट विषेष क्षेत्र विकास प्राधिकरण में काम देख रहे थे।



### शिव जन मानस पारिजात सेवा समिति ने बढ़ाया मदद का हाथ

**चित्रकूट.** राजापुर तहसील में बघवारा गांव पर सामाजिक सरोकारों को समर्पित संस्था शिव जन मानस पारिजात सेवा समिति द्वारा शनिवार को एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान समिति के सदस्यों ने क्षेत्र के असहाय, निर्धन और जरूरतमंद परिवारों के बीच पंखा,मिक्सी और साड़ी का वितरण कर मानवता की मिसाल पेश की। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान शिव की अराधना व पूजन से हुई जहां मुख्य अतिथि पूर्व ब्लाक प्रमुख मऊ शिवाकांत बलुआ,भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष पुष्पराज सिंह, पूर्व कैप्टन रमेश पयासी आदि अतिथियों का स्वागत समिति के अध्यक्ष रोहित पयासी, उपाध्यक्ष शंकर दयाल शुक्ला व संतोष गुप्ता आदि पगड़ी पहनाकर किया। समिति द्वारा बढ़ती गर्मी को देखते हुए ग्रामीण क्षेत्र के उन परिवारों को चिन्हित किया था, जो आर्थिक अभाव के कारण बुनियादी सुविधाओं से वंचित हैं। कार्यक्रम में पहुंचे कुछ परिवारों को जब समिति की ओर से नए मिक्सी, पंखे मिले तो उनके चेहरों पर खुशी साफदिखाई दी। साथ ही महिलाओं को साड़ियां भेंट कर उनका सम्मान किया गया।

### नागरिक सुरक्षा विभाग द्वारा महिला सशक्तिकरण एवं फायर सुरक्षा मॉकड्रिल का किया आयोजन

**चित्रकूट.** कलेक्ट्रेट परिसर में नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेन्स) इकाई द्वारा नारी सशक्तिकरण अभियान के अंतर्गत एक विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं मॉकड्रिल का सफल आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महिलाओं और बालिकाओं को आत्मरक्षा के प्रति जागरूक करना और आपातकालीन स्थितियों में उनकी त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता को बढ़ाना था। आत्मरक्षा और आपदा प्रबंधन कार्यक्रम के दौरान नागरिक सुरक्षा के प्रशिक्षित अनुदेशकों द्वारा बालिकाओं को सेल्फडिफेंस (आत्मरक्षा) के गुर सिखाए गए। इसके साथ ही एक वृहद मॉकड्रिल का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न बिंदुओं पर प्रदर्शन किया गया।

# पंचायतों का कार्यकाल बढाने की मांग को लेकर प्रधानों ने डीएम को सौपा सीएम के नाम सम्बोधित ज्ञापन

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट 28 अप्रैल। समय से त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव न होने की संभावना को देखते हुए पंचायतों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग को लेकर प्रधानों ने लामबंदी दिखाई है। जिला पंचायत परिसर में एकत्र होने के बाद लामबंद प्रधान अपनी मांगों को लेकर सड़क पर उतर पड़े। नारेबाजी के साथ प्रदर्शन करते हुए कलेक्ट्रेट में जिला पंचायत अध्यक्ष व सभी ब्लाक प्रमुखों के साथ प्रधानों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम पुलकित गर्ग को सौंपा।**

अखिल भारतीय प्रधान संगठन के जिलाध्यक्ष सुनील शुक्ला की अगुवाई में जिले के सभी प्रधान जिला पंचायत परिसर में एकत्र हुए। यहां पर सभी ने बैठक कर समय से चुनाव न होने की संभावना को देखते हुए प्रधानों का कार्यकाल बढ़ाने की मांग बुलंद की। इसके बाद जिला पंचायत अध्यक्ष अशोक जाटव, ब्लाक प्रमुख मानिकपुर अरविंद मिश्र, पहाड़ी सुशील द्विवेदी, कर्वी गुलाब सिंह, रामनगर गंगाधर मिश्र आदि समेत सभी प्रधान कलेक्ट्रेट पहुंचे। यहां प्रधानों ने नारेबाजी के साथ प्रदर्शन किया। इसके बाद मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन डीएम पुलकित गर्ग को सौंपा। अवगत कराया कि प्रदेश की त्रिस्तरीय पंचायतों आगामी 26 मई व 19 जुलाई को समाप्त हो रहा है।

# ग्राम पंचायत पवैया में आयोजित हुई जन चौपाल

## पुलिस आपके द्वारा कार्यक्रम के तहत ग्राम वासियों को किया गया जागरूक

नवभारत न्यूज

**कोठी 28 अप्रैल। रीवा जोन के पुलिस महानिरीक्षक गौरव राजपूत एवं सतना पुलिस अधीक्षक हंसराज सिंह के निर्देशानुसार कोठी थाना प्रभारी संतोष तिवारी के नेतृत्व में ग्राम पंचायत पवैया में पुलिस आपके द्वार कार्यक्रम के तहत जन चौपाल का आयोजन किया गया।**

जिसमें ग्राम वासियों से संवाद आयोजित कर जागरूकता संबंधी सुझाव लोगों को दिए गए ग्राम पंचायत पवैया सरपंच राकेश सिंह बबलू के संयोजन में जिला पंचायत सदस्य श्रीमती आरती



चौधरी कोठी पुलिस स्टाफ के अश्विनी धर द्विवेदी ,जनपद सदस्य राम विश्वास विश्वकर्मा एवं सैकड़ों ग्राम वासियों की मौजूदगी में जनचौपाल आयोजित हुई जिसमें महिला पुरुष बच्चे बुजुर्ग राजनीतिक सामाजिक सभी लोग शामिल रहे जिसमें मुख्य रूप से महिला संबंधी अपराध, साइबर ठगी अपराध बैंक संबंधी धोखाधड़ी बाल अपराध एवं नशे से दूर रहने के विषय में बिस्तार से जानकारी थाना प्रभारी ने लोगों को बताई लोगों ने अपनी समस्याएं बताई जिसका निराकरण करने के निर्देश थाना प्रभारी ने दिए साथ ही कहा की छोटी-छोटी समस्याओं का निराकरण आपस मे ही करें आपस में लड़ाई ना करें और सभी आपस में आपसी भाईचारा कायम रखते हुए प्रेम से रहे और अपने बच्चों का विशेष रूप से ख्याल रखें और उनका गाइड करते रहे।

थाना प्रभारी ने लोगों को अवैध मादक पदार्थ से दूर रहने की सलाह दी कार्यक्रम का संचालन समाजसेवी बृजेश गर्ग सोनू ने किया इस दौरान पत्रकार अमित सिंह दुर्गेश त्रिपाठी सहित अन्य गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# गौशालाओं के सुदृढ़ीकरण और सुचारू पेयजल आपूर्ति के डीएम ने दिये सख्त निर्देश,समीक्षा बैठक में आयोजित

नवभारत न्यूज

**चित्रकूट, 28 अप्रैल जिलाधिकारी पुलकित गर्ग की अध्यक्षता में सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित कैंप सभागार में गौशालाओं के संचालन और जनपद में पेयजल की स्थिति की समीक्षा हेतु एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने पशुओं के संरक्षण और आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।**

गौशालाओं की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि गौशालाओं में उपलब्ध भूसे की प्रविष्टि अनिवार्य रूप से गो आश्रय पोर्टल पर फीडिंग सुनिश्चित की जाए। उन्होंने पर्याप्त मात्रा में भूसा भंडारण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि जिन गौशालाओं में पशुओं की संख्या 100 से कम है, उन्हें समीपवर्ती अन्य गौशालाओं में स्थानांतरित किया जाए।



पशुओं के चारे की उपलब्धता पर चर्चा करते हुए मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी ने बताया कि जनपद में 25 गौशालाओं के पास स्वयं के हरे चरागाह उपलब्ध हैं। जिलाधिकारी ने सभी खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे शेष गौशालाओं के लिए भूमि चिह्नित कर वहां नेपियर घास की बुआई कराएं। इसके अतिरिक्त, क्षतिग्रस्त श्चरहीश् (पशु आहार पात्र) की सूची अविलंब उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए।

जिलाधिकारी ने पशुओं के लिए छाया (टीन शेड), शुद्ध पेयजल, हरा चारा और भूसे की निर्बाध उपलब्धता सुनिश्चित करने पर बल दिया। उन्होंने चरवाहों के मानदेय का भुगतान समयबद्ध तरीके से करने के निर्देश दिए और चेतावनी दी कि इस संबंध में कोई भी शिकायत प्राप्त नहीं होनी चाहिए। जनपद में पेयजल की स्थिति की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने मानिकपुर सहित अन्य क्षेत्रों में पानी की उपलब्धता की जानकारी ली। उन्होंने समस्त खंड विकास अधिकारियों को निर्देश दिए कि जिन ग्राम पंचायतों में पेयजल की समस्या है, वहां तत्काल प्रभाव से टैंकरों के माध्यम से पानी की आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उपलब्ध सभी टैंकरों का सक्रिय उपयोग करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, हैंडपंपों की कार्यक्षमता की जांच कर उनकी मरम्मत सुनिश्चित करने और अद्यतन सूची प्रेषित करने हेतु निर्देशित किया गया।